# बच्चों में कोविड 19 के असाधारण लक्षण

सर्वाधिक बच्चे जो कोविड 19 से पीड़ित होंगे वो मामूली तौर पे अस्वस्थ होंगे. हालाँकि कुछ बच्चों और युवाओं में एक ऐसी असामान्य समस्या विकसित हो सकती है जोकि जिन युवाओं को कोविड 19 हो चूका हो उन्हें प्रभावित करेगी. इस अवस्था को बच्चों का मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम (MIS-C) कहा जाता है. जो बच्चे/युवा इस बीमारी से प्रभावित होते हैं उन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भरती कराना होगा. ये आवश्यक नहीं है की वो सभी बच्चे जिन्हे MIS-C हो उन में कोविड 19 के लक्षण हुए हों, और कुछ बच्चों में हफ़्तों पहले लक्षण हों चुके हो सकते हैं.

यद्दपि असामान्य, पर ये आवश्यक है की माता-पिता और अभिभावक इन लक्षणों को पहचाने:

- 24 घंटे से भी ज्यादा देर तक रहने वाला लगातार बुखार
- थकावट, बेहद शिथिलता महसूस करना
- पेट दर्द
- दस्त
- मिचली
- चकत्ते
- नेत्र शोध (लाल आँखें)
- गर्दन में दर्द

यदि आपके बच्चे में इनमे से कोई भी लक्षण हों , तो तुरंत अपने चिकित्सक से संपर्क करें.

यदि आपके बच्चे को निम्न गंभीर लक्षण हों तो आपातकालीन देखभाल से संपर्क करें:

- सांस लेने में कष्ट
- छाती में दर्द या दबाव
- चेहरा या होंठ नीले पड़ना
- मानसिक व्याकुलता
- जागने या जागे रहने में असमर्थता

अगर आपके पास कोई डॉक्टर नहीं है, तो डेंटिस्ट, डॉक्टर, नर्स और उत्तम स्वास्थय सेवा जो आपके सामर्थ्य में हो, ढूंढने के लिए **Community Health Access Program** (CHAP) (अंग्रेजी में वेबसाइट ) को संपर्क करें. ये एक निशुल्क सेवा है और अनुवादक भी उपलब्ध हैं.

- फोन: 1-800-756-5437
- ईमेल: CHAP@kingcounty.gov
- वेब: www.kingcounty.gov/CHAP (अंग्रेजी में वेबसाइट)

CDC से और जानिये जिसमे स्पेनिश, कोरियन, वियतनामीज़, और चाइनीज़ में अनुवादित जानकारी शामिल है.

Hindi_COVID-19 Rare Syndrome in Children 06232020

Public Health
Seattle & King County